प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 11.00 बजे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पेरिस में उच्च स्तरीय कार्यक्रमों के बाद, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉ के साथ मार्से पहुंच गए हैं। भारतीय समुदाय ने प्रधानमंत्री के आगमन पर गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मैक्रॉ आज संयुक्त रूप से मार्से में भारत के पहले नए वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे। श्री मोदी और मेक्रॉ कई अन्य कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस यात्रा से भारत और फ्रांस के बीच संबंध और प्रगाढ होंगे। श्री मोदी ने यह भी बताया कि वह आज प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध में वीर गति को प्राप्त हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देंगे।

केंद्र सरकार ने प्रदेश में दो बड़ी परियोजनाओं के लिए 72 करोड़ आठ लाख रुपए की धनराशि जारी की है। इस राशि से कांगड़ा जिला में बन रही फिन्ना सिंह परियोजना के लिए 67 करोड़ पांच लाख रुपए मिलेंगे, जबकि हमीरपुर जिला के नादौन की परियोजना को चार करोड़ 58 लाख रुपए का भुगतान होगा। केंद्र सरकार ने ये धनराशि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत जारी की है। जलशक्ति मंत्रालय की ओर से इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है।

प्रयागराज में आज महाकुंभ का माघी पूर्णिमा स्नान चल रहा है। कल्पवास के विशेष अनुष्ठान के समापन के प्रतीक इस स्नान का विशेष महत्व है। इस वर्ष इसमें 10 लाख से अधिक कल्पवासी शामिल होंगे। उत्तरप्रदेश सरकार ने इस अवसर पर विशेष यातायात व्यवस्था के साथ ही मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की है। विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक समागम–महाकुंभ मेला 13 जनवरी को आरंभ हुआ है। अब तक 46 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई है।

आज पूरे देश में संत रविदास की जयंती मनाई जा रही है। वे 14वीं सदी के महान संत थे। उनके अनुयायी हर वर्ष माघी पूर्णिमा पर वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर में श्री गुरु रविदास जन्मस्थान मंदिर में उनकी जयंती मनाने के लिए एकत्र होते हैं।

इस अवसर पर राज्य के कई भागों में भी शोभा यात्राएं निकाली जाएंगी। श्री गुरू रविदास महान संत, दार्शनिक और कवि होने के साथ–साथ उत्तरी भारत भक्ति आंदोलन के भी प्रमुख रहे हैं।

पुलिस कांस्टेबलों के एक से दूसरे जिले में तबादले करने के लिए पारित संशोधन विधेयक को राजभवन ने राष्ट्रपति निवास के लिए भेज दिया है। प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान हिमाचल प्रदेश पुलिस संशोधन विधेयक–2024 पारित किया गया था। इस विधेयक के कानून बन जाने के बाद अब हिमाचल प्रदेश के पुलिस आरक्षियों का भी जिला के बजाय राज्य काडर होगा। संशोधन विधेयक में ये भी प्रावधान किया गया है कि राज्य सरकार की अनुमति के बगैर पुलिस, सरकारी कर्मचारियों को गिरफ्तार नहीं कर सकेगी।

केन्द्र सरकार ने जुलाई 2024 से खुले बाजार में गेहूं और चावल के अतिरिक्त स्टॉक की बिक्री के लिए वर्ष 2024–25 के लिए खुला बाजार बिक्री योजना नीति जारी की है। सांसद सिकंदर कुमार द्वारा राज्यसभा में पूछे गए सवाल के जवाब में केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री निमुबेन जयंतीबाई बांभणिया ने ये जानकारी दी।

केंद्रीय भेड़ व ऊन अनुसन्धान संस्थान के उत्तरी शीतोष्ण क्षेत्रीय केंद्र गड़सा जिला कुल्लू के 63वें स्थापना दिवस पर कल कुल्लू में क्षेत्रीय किसान मेला प्रौद्योगिकी प्रदर्शन व किसान–वैज्ञानिक संवाद के रूप में आयोजित किया गया। प्रौद्योगिकी प्रदर्शन व किसान–वैज्ञानिक संवाद का आयोजन केंद्र सरकार की अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति उपयोजनाओं के माध्यम से किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों

ने किसानों से वैज्ञानिक तरीके से भेड़पालन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर किसानों द्वारा भेड़ की ऊन उत्पादों से बनाए गए पारंपरिक परिधानों की सुन्दर झांकी भी निकाली गई।

उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में हिमाचल प्रदेश की महिला हैंडबॉल टीम ने फाइनल मुकाबले में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है। हिमाचल की टीम ने हरियाणा को सात गोल से मात देकर जीत हासिल की। हिमाचल प्रदेश महिला हैडबॉल टीम की कप्तान मेनका पॉल ने सात, भावना ने आठ, गुलशन ने सात, शालिनी ने चार, मिताली ने तीन, रिंपल ने पांच व प्रियंका ने चार गोल कर टीम को विजय दिलाई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस शानदार विजय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

———————————